**<u>महत्वपूर्ण / ईमेल / फैक्स</u>**

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–2 पुलिस मुख्यालय शहीद पंथ, गोमतीनगर लखनऊ

पत्र संख्याः–डीजी–परिपत्र–21/2024 दिनांकःलखनऊःअप्रैल 29, 2024

सेवा में,

**1–पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक,** प्रशिक्षण/विशेषजॉच/लाजिस्टिक्स/फायर/अपराधशाखाअप0अनु0विभाग/दूरसंचार /ईओडब्लू/खाद्य प्रकोष्ठ/पीएसी/सर्तकता/भ्रष्टचार निवारण संगठन/अभिसूचना /तकनीकी/रेलवे/यूपी पीसीएल/रूल्स एण्ड मैनुवल/पुलिस मुख्यालय यातायात /महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन/एसटीएफ/एटीएस/यूपी–112/सुरक्षा/उ0प्र0 विशेष सुरक्षा बल/उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड /साइबर काइम/फेरेन्सिक सांइस विश्वविद्यालय तथा जी0एस0ओ0।

**2–समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक**, उत्तर प्रदेश।

**3–पुलिस आयुक्त,** लखनऊ/गौतमबुद्धनगर/गाजियाबाद/वाराणसी/प्रयागराज आगरा एवं कानपुर नगर।

4–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश

**5–समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक**, पीएसी जोन्स एवं समस्त पीएसी अनुभाग, उत्तर प्रदेश ।

कृपया पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के डीजी–परिपत्र–44/2020 दिनांकित 23.12.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पुलिस महानिदेशक के अलंकरणों/प्रशंसा चिन्ह को धारण किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये थे।

2– अवगत कराना है कि इस मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा प्रदान किये गये अलंकरणों/प्रशंसा चिन्ह को वर्दी में ठीक प्रकार से धारण नहीं किया जा रहा है, जो पुलिस परिधान की गरिमा के विपरीत है।

3– पूर्व में निर्गत पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह/अलंकरण को धारण किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत निर्देश दिये थेः–

**(1)** उत्तर प्रदेश पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल (CAPFs) एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रदत्त प्रशंसा चिन्हों में से उस संगठन द्वारा प्रदत्त केवल एक ही (उच्चतम/Highest) धारण किया जायेगा। उदाहरण स्वरूप यदि सिल्वर–गोल्ड एवं प्लैटिनम तीनों प्रदस्त है तो केवल प्लैटिनम धारण किया जायेगा। अगर गोल्ड एवं सिल्वर प्रदत्त है तो गोल्ड धारण किया जायेगा।

**<u>(2)Working Uniform धारण करते समयः–</u>**

1.प्रशंसा चिन्ह केवल बांयी जेब पर रिबन के नीचे (यदि मेडल धारक है) एवं बटन के ऊपर धारण किये जायेगें।

- i.अगर किसी संगठन द्वारा एक (Single) प्रंशसा चिन्ह प्रदत्त है तो बटन के ठीक ऊपर धारण किया जायेगा (चित्र–1)
- ii.अगर दो संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बांयी जेब की दाहिनी ओरउ0प्र0पु0 और बांयी ओर अन्य संगठन का उच्चतम (Highest) धारण किया जायेगा।(चित्र–2)
- iii.अगर तीन विभिन्न संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीनों इस प्रकार से धारण किया जायेगा,जिसमें दाहिनी ओर उ0प्र0पु0 के बाद अन्य

....2/

संगठनों से उच्चतम के अनुसार कमवार धारण किये जायेंगे।(उदाहरण स्वरूप उत्तर प्रदेश पुलिस सिल्वर,बीएसएफ से सिल्वर और सीआईएसएफ से गोल्ड प्रदत्त है तो इनका दाहिनी से बांये का कम उ0प्र0पु0/सीआईएसएफ गोल्ड और बीएसएफ सिल्वर रहेगा) (चित्र–3)

iv.अगर चार संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीन एवं बांयी जेब की मध्य बटन के नीचे धारण किया जायेगा। इसमें भी प्रथम लाइन की दाहिनी ओर उत्तर प्रदेश पुलिस के बाद अन्य संगठनों से उच्चतम से न्युनतम की ओर धारण किये जायेगें। (चित्र–4)

**(3)Ceremonial Uniform धारण करते समयः–**

(A) मेडल–बटन से छूते हुए (Touch) होना चाहिए। बहुत ऊपर/नीचे नहीं होना चाहिए (चित्र–5) मेडल धारकों द्वारा प्रशंसा चिन्ह बांयी जेब के केन्द्र में बटन के नीचे निम्न प्रकार से धारण किया जायेगाः–

i.अगर किसी संगठन द्वारा एक(Single) प्रदत्त है तो बटन के ठीक नीचे धारण किया जायेगा (चित्र–5)

ii.अगर दो संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बांयी जेब की बटन के ठीक नीचे पहले उ0प्र0पु0 और उसके नीचे अन्य संगठन का उच्चतम (Highest) धारण किया जायेगा। (चित्र–6)

iii.अगर तीन संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बांयी जेब के बटन के ठीक नीचे ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीनों इस धारण की किया जायेगा जिसमें दाहिनी ओर उ0प्र0पु0 के बाद अन्य संगठनों से उच्चतम के अनुसार कमवार धारण किये जायेगें (चित्र–7)

iv.अगर चार संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीन एवं बांयी जेब की मध्य बटन के ठीक नीचे धारण किया जायेगा। इसमें भी प्रथम लाइन लाइन की दाहिनी ओर उत्तर प्रदेश पुलिस के बाद अन्य संगठनों के उच्चतम से न्युनतम की ओर धारण किये जायेगें। (चित्र–8)

(B) यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को मेडल प्रदत्त नहीं है तो प्रस्तर–2(ब) के अनुसार प्रशंसा चिन्ह धारण किया जायेगा।

4– अगर किसी राष्ट्रीय/राजकीय प्रशिक्षण संस्थान या संगठन द्वारा कोई विशेष प्रशिक्षण पूर्ण करने या सम्बन्धित संगठन में किसी अवधि तक कार्य करने के पश्चात कोई (Badge) वर्दी पर धारण करने हेतु प्रदान किया जाता है तो बांयी जेब की बटन के ठीक नीचे उसे धारण किये जायेगें। (चित्र–9)

5– कोई अधिकारी कर्मचारी दाहिनी जेब पर कोई भी प्रशसा चिन्ह धारण नहीं करेगा।

कृपया पूर्व में निर्गत दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकःयथोपरि।**

29.4.24


(प्रशान्त कुमार)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–


1– समस्त राजपत्रित अधिकारी, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2– समस्त गोपनीय सहायक/समस्त अनुभाग अधिकारी, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।


## चित्र-1





## चित्र-2





## चित्र-3





## चित्र-4




## चित्र-5





## चित्र-6




## चित्र-7





## चित्र-8



# चित्र-9

NAME



# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

Email/Gmail/Fax

टावर-2, पुलिस मुख्यालय, शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ -226002

पत्र संख्याःडीजी-परिपत्र-44/2020 दिनांकःलखनऊःदिसम्बर 23, 2020

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश पुलिस।

उत्तर प्रदेश पुलिस बल में अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश शासन गृह (पुलिस) अनुभाग-6 कार्यालय ज्ञाप संख्या-1827पी/छः-पु-6-14-500(19)/2014 टीसी, दिनांक 23.02.2015 एवं कार्यालय ज्ञाप दिनांक 20.10.2017 द्वारा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। प्रायः यह देखा गया है कि अधिकारियों/ कर्मचारियों के द्वारा प्रदान किये गये उक्त अलंकरणों को ठीक प्रकार से धारण नही किया जा रहा है।

2- पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह को सम्यक विचारोपरान्त निम्न प्रकार से धारण किये जाने का निर्णय लिया गया हैः-

(अ) उत्तर प्रदेश पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल (CAPFs) एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रदत्त प्रशंसा चिन्हों में से उस संगठन द्वारा प्रदत्त केवल एक ही (उच्चतम Highest) धारण किया जायेगा। उदाहरण स्वरूप यदि सिल्वर, गोल्ड एवं प्लैटिनम तीनों प्रदत्त हैं तो केवल प्लैटिनम धारण किया जायेगा। अगर गोल्ड एवं सिल्वर प्रदत्त है तो गोल्ड धारण किया जायेगा।

**(ब) Working Uniform धारण करते समयः-**

1. प्रशंसा चिन्ह केवल बाई जेब पर रिबन के नीचे (यदि मेडल धारक है) एवं बटन के ऊपर धारण किये जायेंगे।
   i. अगर किसी संगठन द्वारा एक (Single) प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बटन के ठीक ऊपर धारण किया जाएगा। (चित्र-1)
   ii. अगर दो संगठनो द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बाई जेब की दाहिनी ओर उ0प्र0पु0 और बाई ओर अन्य संगठन का उच्चतम (Highest) धारण किया जाएगा। (चित्र-2)
   iii. अगर तीन विभिन्न संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीनों इस प्रकार से धारण किया जायेगा जिसमें दाहिनी ओर उ0प्र0पु0 के बाद अन्य संगठनों से उच्चतम के अनुसार क्रमवार धारण किये जायेंगे। ( उदाहरण स्वरूप उत्तर प्रदेश पुलिस सिल्वर, बीएसएफ से सिल्वर और सीआईएसएफ से गोल्ड प्रदत्त है तो इनका दाहिनी से बायें का क्रम उप्र.पु.सिल्वर,सीआईएसएफ गोल्ड और बीएसएफ सिल्वर रहेगा) (चित्र-3)
   iv. अगर चार संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीन एवं जेब के मध्य बटन के नीचे धारण किया जायेगा। इसमें भी प्रथम लाइन की दाहिनी ओर उत्तर प्रदेश पुलिस के बाद अन्य संगठनों से उच्चतम से न्यूनतम की ओर धारण किये जायेंगे। (चित्र-4)

(स) **Ceremonial Uniform धारण करते समयः-**

(A) मेडल- बटन से छूते हुये (Touch) होना चाहिए। बहुत ऊपर/नीचे नहीं होना चाहिए (चित्र-5)। मेडल धारकों द्वारा प्रशंसा चिन्ह बाईं जेब के केंद्र में बटन के नीचे निम्न प्रकार से धारण किया जायेगाः-

i. अगर किसी संगठन द्वारा एक (Single) प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बटन के ठीक नीचे धारण किया जाएगा। (चित्र-5)

ii. अगर दो संगठनो द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बाईं जेब की बटन के ठीक नीचे पहले उ0प्र0पु0 और उसके नीचे अन्य संगठन का उच्चतम (Highest) धारण किया जाएगा। (चित्र-6)

iii. अगर तीन विभिन्न संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो बाईं जेब की बटन के ठीक नीचे ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीनों इस प्रकार से धारण किया जायेगा जिसमें दाहिनी ओर उ0प्र0पु0 के बाद अन्य संगठनों से उच्चतम के अनुसार क्रमवार धारण किये जायेंगे। (चित्र-7)

iv. अगर चार संगठनों द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदत्त है तो ऐसी स्थिति में प्लेट पर तीन एवं बाईं जेब की मध्य बटन के ठीक नीचे धारण किया जायेगाः। इसमें भी प्रथम लाइन की दाहिनी ओर उत्तर प्रदेश पुलिस के बाद अन्य संगठनों से उच्चतम से न्यूनतम की ओर धारण किये जायेंगे। (चित्र-8)

(B) यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को मेडल प्रदत्त नहीं है तो प्रस्तर-2 (ब) के अनुसार प्रशंसा चिन्ह धारण किया जायेगा।

3- कोई भी अधिकारी/कर्मचारी दाहिनी जेब पर कोई भी प्रशंसा चिन्ह धारण नहीं करेगा।

4- कृपया उपरोक्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नःउपरोक्त दिशा-निर्देशों का चित्र।

(एच.सी. अवस्थी)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त राजपत्रित अधिकारी, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2- समस्त अनुभाग अधिकारी, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

24/12/2020

24/12